Meeting of Farmers Producers Company

Meeting of Farmers Producers Company at Jaldega Simdega was successful. Discussion on increase in production and how to increase the sale of products was key agenda of meeting. The meeting was covered by media

जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जलडेगा : सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड में कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित 10000 एफपीओ के अंतर्गत जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा हो चुका है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा होने पर सभी निदेशक मंडल काफी खुश हैं। सभी ने अपने क्षेत्र के किसानों की लागत में कमी लाने और मुनाफा को कैसे दोगुना किया जाए पर काफी विचार विमर्श किया, जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड इस बार की बरसात में रागी (मडुआ) खेती पर किसानों को जोर देगी तथा उसके उत्पादन के पश्चात उसे अच्छे मूल्य पर भी बेचेगी साथ ही साथ किसानों द्वारा उत्पादित फल सब्जी, वनउत्पाद, आदि को भी बाजार ढूंढ कर अच्छे मूल्य पर बेचेगी ।किसानों के इनपुट लागत जैसे खाद बीज, पौधा, आदि पर भी काम कर रही है जिससे किसानों की लागत में कमी और आमदनी में वृद्धि होगी । बैठक में जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक रजनी कुमारी, दीपक चीक बड़ाईक, महेश्वर प्रधान, अर्जुन महतो, राजेंद्र मांझी एवं सदस्य सीता देवी, पार्वती देवी, विलियम लुगुन, सुखराम कंडुलना, किशन बड़ाईक, उपस्थित थे।